हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 फरवरी 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

मंदिरों में विधि विधान से भगवान की हुई पूजा अर्चना





## मंदिरों में गूंजे शिव के जयकारे दिनभर चला पूजा-अर्चना का दौर

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों के एक साथ दर्शन के लिए तीन लोकों में स्थापित मां पाताल भैरवी मंदिर में आस्था का सैलाब दिखाई दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर भगवान भोलेनाथ पर जल, दूध, दही, शहद से अभिषेक करते बेलपत्र, धतूरे के फूल चढ़कर अपने घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर द्वादश ज्योतिर्लिंगों की एक साथ पूजा करने के लिए 120 फीट ऊंचे शिवलिंगाकार मां पाताल भैरवी मंदिर में श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लग रहा। हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने यहां भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वहीं द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अभिषेक कर महाशिवरात्रि के पावन पर्व का उत्साह मनाया।

**शिव और शक्ति विराजमान :** मां पाताल भैरवी मंदिर समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन को पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाता है। वहीं दिनभर श्रद्धालुओं को द्वादश ज्योतिर्लिंगों की पूजा-अर्चना करने का अवसर दिया जाता है। मंदिर समिति द्वारा रात 10 बजे महाभिषेक के साथ हवन-पूजन संपन्न होता है। उन्होंने बताया कि यह सिद्ध पीठ शिव शक्ति साधकों के लिए विशेष महत्व वाला है, इस वजह से यहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

महाशिवरात्रि पर भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी शहर में बाजे गाजे के साथ निकाली गई

# बाबा की पालकी में शिवभजन के बीच झूमे भक्त छत्तीसगढ़ी परंपरा की दिखी झलक, किया शहर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▷▷ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर की पालकी महाकाल पगड़ी यात्रा दोपहर को नंदई चौक से निकली। इस दौरान बाजे-गाजे एवं डमरू, झांझ-मंजीरा के साथ बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। महाकाल सेना एवं महाकाल भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के नंदई कुंआ चौक के पास दोपहर के समय विधि-विधान से महाकाल भगवान चंद्रमौलेश्वर की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात शोभायात्रा महाकाल चंद्रमौलेश्वर की पालकी निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा के दौरान डमरू, झांझ-मंजीरा बजाकर, जहां भक्त भक्ति में थिकरते रहे। वहीं लोक कलाकारों ने आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य का पूरी शोभायात्रा के दौरान प्रदर्शन किया। इस दौरान भगवान चंद्रमौलेश्वर की जयकारा की गूंज रही।





**प्रमुख मार्गों से गुजरी :** उक्त शोभायात्रा शहर के नंदई कुंआ चौक से सदर बाजार, भारत माता चौक, गंज लाइन, कालीमाई मंदिर, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, सत्यनारायण मंदिर भारत माता चौक सहित अन्य मार्गों से होते हुए गुजरी। इससे पूर्व सुबह ढाई बजे भगवान महाकाल का महारूद्राभिषेक, सुबह साढे 3 बजे बाबा को भस्म अर्पण व आरती सुबह 5 बजे श्रृंगार आरती की गई। उक्त शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

### चौक-चौराहों में स्वल्पाहार

शोभायात्रा का कई स्थानों पर भक्तों ने स्वागत किया एवं शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए शोभायात्रा मार्ग में शीतल पेयफल सहित स्वल्पाहार की व्यवस्था समाजसेवी संस्था एवं भक्तों द्वारा की गई थी। देर शाम तक शोभायात्रा में जयकारों की गूंज रही।

## दस मार्च से पहले शपथ ग्रहण आयोजित कराने के निर्देश, तैयारियां शुरू

# शहर सरकार आठ को लेगी शपथ, 4-5 मार्च को चुने जाएंगे जिपं-जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अब नई सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। अविभाजित जिले में आठ शहर सरकार के साथ ही तीन जिला पंचायत और 9 जनपद पंचायत को लेकर प्रथम सम्मेलन यानि शपथ ग्रहण का लगभग कार्यक्रम तय कर लिया गया है। 4 मार्च को जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। इसके बाद पांच मार्च को जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुने जाएंगे। अंत में आठ मार्च को शहर सरकार के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले के अधिकांश निकाय और जिला, जनपद पंचायत में भाजपा को बहुमत का आंकड़ा मिल गया है। ऐसे में भाजपा पार्टी एक साथ सभी जगह शपथ ग्रहण को लेकर योजना तैयार कर रही है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों में शहरी सरकार का शपथ कराने के बाद जनपद और जिला पंचायत का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि प्रथम सम्मेलन को लेकर राजपत्र में 24 फरवरी को प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके चलते अगले 15 दिन यानि लगभग 10 मार्च से पहले सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ लेना होगा। इस अवधि से पहले ही जनपद और जिला पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन भी करना होगा।

### मेयर की शपथ के बाद 15 दिनों के भीतर चुना जाएगा निगम का नया सभापति

**खास बातें**

- सभी निकाय में की जा रही शपथ को लेकर तैयारी
- जिला पंचायत के अध्यक्ष के लिए चल रहा मंथन




### आडिटोरियम में होगा शपथ ग्रहण

नगर निगम ने मेयर सहित पार्षदों के शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। गौरवपथ स्थित आडिटोरियम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। शहर के नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव ने सादगीपूर्वक कार्यक्रम आयोजित करने की मंशा जाहिर की है। यही कारण है कि आयोजन में ज्यादा तामझाम नहीं होगा।

### सीएम और विस अध्यक्ष आएंगे





शहर में मेयर सहित 39 वार्डों में भाजपा की एकतरफा जीत से पार्टी और संगठन में काफी उत्साह है। सूत्रों ने बताया कि आगामी सात मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम एवं राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सहित संगठन के कई नेताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

### सैर में निकले सदस्य, बन रहा प्लान

*शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जहां प्रशासनिक स्तर पर तैयारी चल रही है। वहीं क्रॉस वोटिंग से बचने के लिए भाजपा ने अधिकांश जनपद, जिला पंचायत के सदस्यों को सैर पर भेज दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि अगले एक सप्ताह तक इन नवनिर्वाचित सदस्यों को सैर कराई जाएगी। जिसके बाद शपथ ग्रहण से पहले ही इन्हें जिला मुख्यालय लाया जाएगा।*

### अध्यक्ष के लिए होगी रायशुमारी

*निगम अध्यक्ष के पद को लेकर सांसद रूपकुमारी चौधरी शीघ्र ही राजनांदगांव पहुंचकर पार्षदों से रायशुमारी करेगी। सूत्रों की माने तो सात मार्च को सुबह रायशुमारी के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी चर्चा है। शपथ ग्रहण के तत्काल बाद अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कई दावेदार इस पद की लाईन में है।*

# शहर के दर्जनभर वार्ड में जल संकट पानी टैंकर के भरोसे हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए की अमृत मिशन योजना होने के बाद भी कई वार्डों में पेयजल संकट बरकरार है। शहर कई क्षेत्रों में नलों के माध्यम से पर्याप्त पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। जिसकी वजह से प्रभावित वार्डों में पानी टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। प्रतिदिन शहर के दूरस्थ वार्डों में दर्जनों ट्रिप पानी टैंकर के माध्यम से भेजा जा रहा है।

राजनांदगांव शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर बिछाई गई पाईप लाइन की शुरूआत मोहरा वार्ड से हुई है। वहीं शहर के दूसरे छोर नया ढाबा तक पाईप लाइन बिछाई गई है। इन दोनों क्षेत्रों में बीते लगभग एक वर्ष से नलों से पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत है, लेकिन इसे अब तक दुरूस्त नहीं किया जा सका है। वार्ड के लोगों के आक्रोश बाद पानी टैंकर भेज दिया जाता है, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो रहा है।

### कुछ देर मिल रहा पानी

बीते दिनों मोहरा स्थित शिवनाथ नदीं में बाढ़ के बाद से कई क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति कम होने की शिकायत भी सामने आ रही है। शहर के लखोली, बसंतपुर, रामनगर, शांतिनगर सहित अन्य दूरस्थ वार्डों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। कुछ देर में ही नल बंद हो रहा है।

### ग्रामीण इलाकों में समस्या अधिक



फाईल फोटो

### किया था अनशन

शहर के मोहरा वार्ड में पेयजल आपूर्ति नहीं होने को लेकर बीते दिनों वार्ड की पार्षद ने यहां अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू किया था। पानी को लेकर किए जा रहे इस भूख हड़ताल को देर शाम महापौर ने बोतल बंद पानी पिलाकर अनशन खत्म करवाया था। इसके बाद उन्हें आश्वासन भी दिया गया था कि नलों से पर्याप्त पानी आएगा, लेकिन समस्या आज भी बरकरार है और इस वार्ड में भी पानी टैंकर भेजा जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है।

### ठंड-बारिश में भी समस्या

पेयजल को लेकर गर्मी के दिनों में समस्या होना आम बात है, लेकिन बारिश और ठंड के दिनों में भी लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अमृत मिशन के तहत नई पाईप लाइन से कनेक्शन देने के बाद कई क्षेत्रों में नलों से आने वाले पानी की धार कम हुई है। जिसको लेकर कई बार शिकायत भी हुई और मरम्मत के लिए गड्ढे भी खोदे गए, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में कम पानी आने की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### अमृत मिशन योजना का नहीं मिल रहा लाभ

लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए की अमृत मिशन योजना के शुरू हो जाने से पर्याप्त पेयजल मिलने की बात कही गई थी, लेकिन इस योजना का अब तक शहर के सभी वार्डों में लाभ नहीं मिल पाया है और अमृत मिशन योजना के बेतरतीब कार्य के चलते योजना का सफल क्रियान्वयन नहीं हुआ है। कई क्षेत्रों में लगाए गए नल के मीटर भी उखड़ चुके हैं। वहीं अमृत मिशन के तहत बनी पानी टंकी लीकेज होकर टपकने का मामला भी सामने आया है। ऐसे में इस पूरी योजना के कार्य को समझा जा सकता है।

# पुलिस से दबंगई करने वाले भाजपा नेता दीपक के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब ले जाने की सूचना पर जब पुलिस ने कार रोककर वाहन की जांच करने के दौरान भाजपा नेता द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में सुकुलदैहान पुलिस चौकी में भाजपा नेता आरोपी दीपक चौहान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी में पदस्थ कुलदीप पाटले ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 24 फरवरी को क्षेत्र अंतर्गत पुलिस जवान गश्त पर थे। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिला था कि कार में अवैध रूप से शराब ले जाया जा रहा है, जिस पर पुलिस ने उक्त कार को ग्राम धनगांव रेलवे क्रासिंग के पास रोका एवं वाहन चेक करने की बात पर चालक द्वारा हीला-हवाला कर वाहन की डिक्की खोला गया। जिसमें लगभग 3 से 4 पेटी शराब रखा हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं गाली-गलौज किए जाने के मामले में अपराध दर्ज किया गया है। अवैध रूप से शराब परिवहन के मामले में अभी मामला दर्ज नहीं किया गया है।

**दो आरक्षक लाईन हाजिर :** पुलिस सूत्रो के अनुसार इस मामले को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने दो आरक्षक को लाईन हाजिर किया है। इधर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक ने बताया कि उक्त मामले की जांच की जा रही है।

### कार चेकिंग के दौरान की गाली-गलौज

वाहन चालक के स्वामी को फोन कर बुलाया गया, जो मौके पर उपस्थित होकर अपना नाम दीपक चौहान बताया एवं दोनों पुलिस वाले हैं, यह जानते हुए गाली-गलौज कर वाहन को चेक करने की हिम्मत कैसे हुए, मैं क्षेत्र का नेता हूं, दोनों पुलिस वालों का ट्रांसफर करवा दूंगा, मेरी ऊपर तक पहुंच है, कहकर धमकी दिया और शासकीय कार्य में बाधा डाला। रिपोर्ट पर पुलिस ने भाजपा नेता आरोपी दीपक चौहान के खिलाफ धारा 221, 296 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मनगटा के जंगल में लगी आग, वन अमले ने तत्परता से बुझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गर्मी की शुरूआती दिनों में ही पतझड़ की वजह से जंगल के बीच सूखे पत्तों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत वन चेतना केन्द्र मनगट्टा के समीप ग्राम बघेरा क्षेत्र के जंगल के आसपास सूखे पत्तों में आग लग गई।



जंगल में लगी आग के बेकाबू होने से पहले ही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद वन अमले ने अगजनी क्षेत्र में पहुंचकर जंगल में लगी इस आग को बुझाने में सफल रहे।

# पिता के देहांत के बाद तालाब गए पुत्र की डूबने से मौत

**राजनांदगांव।** शहर के कौरिनभांठा में पिता के देहांत के बाद तालाब कार्यक्रम के लिए गए पुत्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बुधवार दोपहर लगभग 01 बजे 44 वर्षीय मृतक मोहन सिंह चौहान अपने स्वर्गीय पिता शिवचरण चौहान को पानी देने की परंपरा पूरी करने कौरिनभांठा के बड़े तालाब गया हुआ था, तभी वह तालाब के गहरे पानी में दलदल के बीच फंस गया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई।

मामले की सूचना मिलने पर बसंतपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मृतक का पता नहीं चलने पर एसडीआरएफ की गोताखोर टीम बुलाई गई और लगभग 04 बजे मृतक का शव तालाब से बाहर निकाला गया।

**कुछ दिन पहले ही पिता की मौत :** बताया जा रहा है कि कौरिनभाठा निवासी शिवचरण चौहान की दो-तीन दिन पहले ही मौत हुई थी। वहीं अब तालाब में डूबने से उनके पुत्र की मौत के बाद परिजनों को गहरा आघात लगा है।



### पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

युवक के तालाब में डूबने की सूचना मिलने पर बसंतपुर थाना की पुलिस और एसडीम खेमलाल वर्मा भी मौके पर पहुंचे और मृतक के शव का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। वहीं पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### काफी तलाश के बाद मिला शव

इधर युवक के तालाब में डूबने की सूचना मिलने पर कौरिनभाठा क्षेत्र के लोग और परिजन भी मौके पर पहुंचे। काफी तलाश के बाद युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला जा सका। पुलिस के अनुसार मृतक का शराब के नशे में होना बताया जा रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राम दरबार के समीप नेशनल हाईवे में हुई घटना

# खड़े ट्रक में लगी आग, घंटेभर बाद बुझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देर रात लगभग 12 बजे शहर के राम दरबार के समीप खड़ी ट्रक में आगजनी की घटना हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल वाहन को सूचित किया, तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुकी थी। मशक्कत के बाद आग बुझाई गई।

राम दरबार के समीप एक ट्रक चालक द्वारा खाली ट्रक लाकर सर्विस रोड पर खड़ी की गई थी। कुछ देर बाद रात लगभग 12 बजे ट्रक से अचानक आग की लपटे उठने लगी और चंद मिनटों में ही आग ने पूरी ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मचारियों ने ट्रक में लगी आग बुझाया, लेकिन तब तक आग से ट्रक पूरी तरह जल चुकी थी।



### चौक में यातायात का दबाव

ज्ञात हो कि उक्त चौक में यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहता है। ट्रक में आग लगने की घटना के बाद आसपास से गुजरने वाले लोगों में हड़कंप मच गया था। घटनाक्रम की जानकारी होने पर मौके पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम काफी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में ट्रक बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया है। आग पर काबू पाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### अज्ञात कारणों से लगी आग

ट्रक में अचानक लगी आगजनी का कारण फिलहाल अज्ञात है। मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि ट्रक के भीतर शॉर्ट-सर्किट होने से ट्रक में आग लगी होगी।

### जांच की जा रही है

रात लगभग 12 बजे ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। आगजनी का कारण अज्ञात है। मामले की जांच की जा रही है। - **रामेन्द्र सिंह,** टीआई, थाना कोतवाली

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन
• उच्च रक्तचाप,
• ब्लड शुगर, • थायराइड
• चलने पर सांस फूलना,
• कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना
• चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### रातापायली की सरपंच बनीं उषा साहू



**खुज्जी।** ग्राम पंचायत रातापायली में सरपंच के लिए हुए चुनाव में उषाबाई साहू निर्वाचित हुई है। वह पूर्व में भी सरपंच रह चुकी है। उन्होंने 365 मत हासिल कर जीत दर्ज किया। उनके पूर्व कार्यकाल के कार्य को देखते हुए मतदाताओं ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। उषा मोहन साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

### बोदेला में कबीर सत्संग 27 से



**तुमड़ीबोड़।** निकटवर्ती ग्राम बोदेला में सदगुरु कबीर सत्संग आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में त्रि दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 27 फरवरी से एक मार्च तक किया गया है। प्रमुख उपदेशक के रूप में सद्गुरु की प्रकट भूमि लहरतारा काशी धर्म स्थान खरसिया के धर्माधिकारी सुधाकर दास शास्त्री साहेब शामिल होंगे। लोगों को तीन दिन तक अमृत उपदेश को श्रवण करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में संत गौतम दास, संत टुकेश्वरदास, संत अनुपम दास, संत रामचंद्रदास, संत दिनेशदास, संत विवेकदास भी शामिल होंगे। अंतिम दिवस 1 मार्च को चौका आरती एवं भोजन भंडारा रखा गया है। यह जानकारी हेमंत साहू, बिजेलाल, दुष्यंत वर्मा ने देते हुए अंचल के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### उल्लास से मना स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज के तत्वावधान में 24 फरवरी को श्री राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राउत नाच, झांकी एवं कीर्तन करते हुए राधा कृष्ण मंदिर से अंडरब्रिज होते हुए जय स्तंभ चौक, टॉकीज चौक, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, एक बत्ती पंच रास्ता, आदर्श चौक, पुराना बस स्टैंड, ठेठवार पारा, कचहरी चौक, थाना चौक, गोल बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यहां आदर्श विवाह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ।

इस मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष मन्ना यादव ने समाज में संगठन और शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की बात कही। केसीजी के जिला अध्यक्ष ईश्वर यादव ने नवयुवकों से सामाजिक गतिविधियों में सहभागी बनने का आव्हान किया।

## पंचायतों में 8 मार्च को उपसरपंच का निर्वाचन होगा

# गांवों में बढ़ी महिलाओं की ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीण क्षेत्र के विकास का जिम्मा इस बार महिलाओं को मिला है। कहीं बहू तो कही अम्मा निर्वाचित हुई है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच एवं वार्डों में महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

जानकारी मुताबिक जिला पंचायत सदस्य के रूप में प्रियंका ताम्रकार, निर्मला वर्मा, हेमलता मंडावी, जनपद सदस्य के रूप में ज्योति जंघेल, होमेश्वरी वैष्णव, संगीता जंघेल और सड़क अतरिया में सोनम वैष्णव, चकनार में वंदना पटेल, पंडरिया में जानकी वर्मा, जीराटोला में कांति मंडावी सरपंच निर्वाचित हुई है।

### उपसरपंच बनने दावेदार सक्रिय

जानकारी अनुसार सभी पंचायतों में आगामी 8 मार्च को उपसरपंच का चुनाव होगा। पंचों की रजामंदी से उपसरपंच का निर्वाचन निर्विरोध हो सकता है। दो या दो से अधिक की दावेदार होने पर निर्वाचन प्रक्रिया से उपसरपंच का चयन होगा। क्षेत्र की कुछ पंचायत में निर्विरोध उपसरपंच बनने की स्थिति है। कही दो तो कही आधा दर्जन उपसरपंच बनने की तैयारी में हैं।

### मार्च में पहला सम्मिलन

चुनाव परिणाम आने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में प्रथम सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण लेने उत्सुकता बनी हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 27 फरवरी को सरपंच व पंच निर्वाचन की अधिसूचना तथा सभी प्रतिनिधियों को सम्मिलन की सूचना जारी किया जायेगा। अगामी 3 मार्च को पंचायत प्रतिनिधियों का प्रथम विशेष सम्मिलन आहुत किया जाएगा। इसी दिन पंचों को उपसरपंच निर्वाचन की जानकारी दी जाएगी। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में संतोष यद्‌, खैरा नवापारा में प्रकाश जंघेल, संड़ी में कैलाश वर्मा, मानपुर नाका में बोधन मेरावी, गोपालपुर में संदीप वैष्णव, बुन्देली में दिवाकर सोनी, धोधा में दूजेराम वर्मा, साखा में कपिनाथ महोबिया, जंगलपुर घाट में अशोक साहू, मोहगांव में जंगलदास, ठाकुरटोला में नरेश धुर्वे सरपंच निर्वाचित हुए हैं। कुछ पंचायत में निर्विरोध पंच निर्वाचित हुए।

## रंजिता बनेगी जनपद अध्यक्ष

**डोंगरगांव।** पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की अटकलें शुरू हो गई है। स्थानीय जनपद पंचायत में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के साथ यह तय हो गया है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भाजपा के सदस्य ही बनेंगे। कोकपुर क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य रंजीता पटौती का अध्यक्ष बनना तय है क्योंकि वह एकमात्र सदस्य है जो आरक्षण के मुताबिक अनुसूचित जनजाति वर्ग की है। वरिष्ठता को देखते और पिछड़ा वर्ग को महत्व देते हुए रामपुर क्षेत्र के सदस्य मनीष साहू को उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है।





- उपाध्यक्ष के लिए मनीष के नाम की चर्चा

### भाजपा को पूर्ण बहुमत

जानकारी के अनुसार स्थानीय जनपद पंचायत में भाजपा के एक दर्जन सदस्य निर्वाचित हुए है। वहीं कांग्रेस के खाते में सात सीटें आई है। एक सदस्य बसपा से जुड़ा रहा है जिसका रूख अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। यहां यह बताना जरूरी है कि जनपद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित हुआ है। भाजपा से इस वर्ग की एक मात्र रंजीता पटोती निर्वाचित हुई है। काई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण उनका अध्यक्ष बनना तय है। उपाध्यक्ष पद को लेकर खींचतान हो सकती थी किन्तु अन्य सदस्यों के पहली बार निर्वाचित होने के कारण रामपुर सीट से निर्वाचित मनीष साहू को मौका मिल सकता है। श्री साहू निर्वतमान कार्यकारिणी में भी सदस्य थे। लंबे समय से भाजयुमो में सक्रिय श्री साहू समय समय सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते रहे हैं।

# होने वाली थी प्रार्थना सभा प्रशासन ने लगाया रोक



**मानपुर।** भर्रीटोला में ईसाई धर्म प्रचारक पास्टर धीरू बोगा एवं उनके पुत्र नितेश बोगा ने धर्म प्रचार के लिए 25 फरवरी को प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। इस आयोजन में रायपुर के एक पास्टर शामिल होने वाले थे। इस आशय की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को अवगत कराया। सूचना को गँभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सभा के आयोजन पर रोक लगा दिया। विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने गांव पहुंचकर ईसाई मत प्रचारक पास्टर धीरू बोगा को ग्राम पटेल के घर बुलाकर जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि वह आमला स्थित सेंट थामस एंजेलिटिकल चर्च से सन 2007 से संलग्न है। ईसाई मत प्रचार हेतु चर्च द्वारा उन्हें प्रतिमाह 5000 मिलते हैं। उन्होंने बताया कि वह ऐसे लोगो से संपर्क करते है जिनके परिवार में कोई शारीरिक व्याधि से ग्रसित है। प्रार्थना के माध्यम से ठीक का दावा करते हुए इसाई मत से जोड़ते हैं।

### 70 परिवार बदल चुके धर्म

पास्टर धीरू बोगा ने यह भी बताया कि ग्राम भावसा, भर्रीटोला, नवागांव, कहगाव के लगभग 70 परिवार ईसाई धर्म अपना चुके हैं। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हे मतांतरण बंद करने कहा है। प्रतिनिधि मंडल में पानबरस राजकुमार लक्ष्मेंद्र शाह, डीआर आंचला, मानसिंह टेकाम, सुनील सोनी, टेकराम भंडारी, प्रमोद राजपूत, अभिमन्यु भट, बजरंगदल के कार्यकार्त, पुलिस टीम शामिल थी।

# सभी ओर रही ओम नमः शिवाय की गूंज

## शिवालयों में सुबह से शाम तक जारी रहा पूजा अर्चना का दौर





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

महाशिवरात्रि के अवसर पर गंडई में शिवभक्ति का माहौल रहा। नगर से लगभग 5 किमी दूर प्राचीन शिव मंदिर घटियारी में मेला का आयोजन किया गया जिसमें शिवभक्तों की भीड़ रही। लोगों ने बेलपत्र, दही, दूध,चंदन सहित जल से शिव जी का अभिषेक किया। लोगों ने अपने माथे पर शिव तिलक लगवाया। शाम तक मेले का शिवभक्तों ने खूब आनंद उठाया। इसी प्रकार नगर के प्राचीन शिव मंदिर देउर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने जलाभिषेक कर मनवांछित फल पाने आशीर्वाद लिया। नगर के विभिन्न शिवालयों से दोपहर को शिव जी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शामिल महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर शिव भजनों में जमकर थिरकी। पंडरिया वार्ड 1 दैहान चौक में जस झांकी का आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक खासी भीड़ उमड़ी रही। नगर के कुछ जगहों पर शिवभक्तों ने मंदिर का निर्माण करवाकर प्राण प्रतिष्ठा करवाया और भंडारे का आयोजन किया।

### शहनाज़ के भजनों पर झूम उठे शिव भक्त

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर के भजनों पर दर्शक झूम उठे। भजन गायिका शहनाज़ अख्तर को देखने और सुनने कार्यक्रम स्थल में हजारों की संख्या में जन समुदाय उमड़ पड़ा था। उन्होंने अपनी प्रस्तुती से ऐसा शमा बांधा कि प्रारंभ से अंत तक मेला ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भरा रहा। इस दौरान ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों ने चुनरी भेंट कर भजन गायिका शहनाज़ अख्तर का स्वागत किया।

### शिवालयों में उमड़े भक्त



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास से मनाया गया। क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर चोपड़ाधाम में सुबह से शाम तक शिव भक्तों का जमावड़ा रहा। सुबह कुंड में स्नान करने तथा शिव लिंग के दर्शन करने श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।शिव भक्तों ने अभिषेक कर दूध, फल, फूल, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पण किया। नर्मदा स्थित लोधेश्वर मंदिर में भी भक्तों ने सुबह महाभिषेक किया। यहां पूजा अर्चना और अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात आयोजन समिति ने प्रसादी वितरण किया। लोगों ने रामायण पाठ का रसपान किया। घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में भजन कीर्तन के साथ बाबा की पूजा किया गया। गांव गांव में स्थित शिवालयों में शिव भक्तों ने कतार लगाकर पूजा अर्चना किया।

# प्रयागराज से आ रहा वाहन टकराया, आधा दर्जन घायल

## एयर बेग खुलने से बची लोगों की जान

- चालक को झपकी आने से हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा-अतरिया के मध्य बुधवार तड़के साढ़े पांच-6 बजे प्रयागराज घूमकर घर लौट रहे एक स्कार्पियों वाहन का नाला के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण वाहन में सवार दो साल का बच्चा सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें दो को गंभीर चोंट आने की खबर है, जिसे जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। वहीं वाहन का सामने का हिस्सा परखच्चा उड़ गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छुईखदान निवासी एक अग्रवाल परिवार दो दिन पहले वाहन क्रमांक सीजी-08-एजेड-8144 में महाकुंभ प्रयागराज दर्शन करने गया था। वहां स्नान व दर्शन कर सभी कल शाम को घर वापस लौटने वहां से रवाना हुए थे।

वापसी के दौरान बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच-6 बजे वाहन नर्मदा-अतरिया के मध्य पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि वाहन चालक को झपकी आ गया और वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिस कारण वाहन विपरीत दिशा में जाकर नाला के डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर के बाद वाहन में बैठे लोगों में हाय-तौबा मच गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल 112 को हादसा की जानकारी दी। कुछ देर बाद छुईखदान पुलिस एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को छुईखदान चिकित्सालय लेकर आई। मिली जानकारी के अनुसार वाहन में 7 लोग सवार थे। जिसमें से दो लोग शिवांश 2 वर्ष तथा सीतादेवी 57 वर्ष को गंभीर चोंट आने के कारण प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। शेष 4 लोगों को सामान्य चोंट लगने से छुईखदान चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है।

### एयर बेग से बची चालक की जान

मिली जानकारी के अनुसार वाहन की रफ्तार काफी तेज होना बताया जा रहा है। चालक को झपकी आने तथा वाहन की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं बना पाया और विपरीत दिशा में जाकर पुल के डिवाइडर से जा टकराया। समय पर वाहन में लगे एयर बेग खुल जाने से वाहन चालक तथा बाजू में बैठे युवक की जान बच गया अन्यथा एक और बड़ी घटना हो सकता था। हादसे में एक दो साल के बच्चे का पैर फैक्चर तथा वृद्ध महिला के सिर पर गंभीर चोंट आने की जानकारी मिली है।

### किया गया रिफर

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक बच्चा और वृद्ध महिला को जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। शेष लोगों को सामान्य चोंट लगने से उपचार कर छुट्टी दे दिया गया है। - **डॉ. लीला रामटेके,** प्रभारी बीएमओ, छुईखदान चिकित्सालय

### सड़क किनारे वाहनों की कतार



**मानपुर।** मुख्य रोड के दोनो तरफ वाहनों की कतार लगने से दुर्घटना होने की आशंका लगातार बढ़ रही है। मार्ग के किनारे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक होने से वहां आने वाले लोग अपने वाहन सड़क के किनारे खड़े कर देते है जिससे आवाजाही बाधित होती है साथ ही एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों धान की राशि का आहरण करने बड़ी संख्या में किसान बैंक पहुंच रहे हैं।

### प्रवेश के लिए परीक्षा 2 को

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 2 मार्च को सुबह 10 से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले में प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री, बख्शी कन्या विद्यालय, गुजराती राष्ट्रीय माध्यमिक शाला एवं जेएमजे उच्चतर माध्यमिक शाला को केन्द्र बनाए गया है।

## सात साल बाद पहुंचा संतों का संघ

# सारमति माता की जन्मधरा पर जैन संतों की अगवानी में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दिगंबर जैन परंपरा के प्रख्यात संत आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका सरमती माता की जन्म धरा में सात साल लंबे इंतजार के बाद 10 संतों ने एक साथ कदम रखा हैं। गौरतलब है कि आचार्यश्री की मौजूदगी में दिगंबर जैन मंदिर निर्माण की बुनियाद रखी गई थी। मंदिर का निर्माण होने के बाद सात साल पहले प्राण प्रतिष्ठा और पंच कल्याणक महोत्सव आचार्य श्री की मौजूदगी में संपन्न हुआ था। इस महायोजन में आचार्य श्री सहित 29 मुनि शामिल हुए थे।

सात साल के इंतजार बाद आचार्यश्री के संघ के निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समता सागर जी ससंघ, मुनि श्री 108 पवित्र सागर जी ससंघ, निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर ससंघ सहित ऐलक निश्चय सागर, ऐलक निजानंद सागर, क्षुल्लक संयम सागर, क्षुल्लक मनन सागर, क्षुल्लक विचार सागर, क्षुल्लक विरल सागर चन्द्रगिरि तीर्थ से बिहार कर बुधवार को नगर पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्थानीय जैन समाज ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर आगवानी की। समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर सभी मुनिराजों ने श्री 1008 अजितनाथ भगवान जिनकी प्राण प्रतिष्ठा आचार्यश्री ने किया था के दर्शन किए।



### डेढ़ दशक बाद आए पवित्र सागर

उल्लेखनीय है कि 2009 में मुनिश्री पवित्र सागर और मुनिश्री प्रयोग सागर महाराज का चातुर्मास नगर में हुआ था। चातुर्मास के बाद यहां से बिहार करने के करीब डेढ़ दशक अंतराज बाद मुनिश्री पवित्र सागर महाराज का आगमन नगर में हुआ। मुनिश्री जिनालय के बदले स्वरूप को देखा। करीब सौ साल पुराने जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण 2017 में किया गया है।

### आज सर्वधर्म सभा

समाज के अध्यक्ष सतीश जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि कल 27 फरवरी को जैन भवन में सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया है। धर्मसभा को निर्यापक मुनिश्री समतासागर संबोधित करेंगे। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### आर्यिकाओं का मंगल प्रवेश आज

जानकारी के अनुसार जेष्ठ आर्यिका 105 गुरूमति माता ससंघ, आर्यिका दृढमति माता, आर्यिका सारमति माता सहित 35 से 40 साध्वियों ने बुधवार को चन्द्रगिरि से बिहार किया। रात्रि विश्राम डुंडेरा मे करने के बाद कल गुरूवार को आहारचर्या ओड़ारबांध साहू धर्मशाला में होगी। आर्यिकाओं का विशाल संघ काकल गुरूवार को नगर प्रवेश होगा। अगवानी के दौरान समाज के संरक्षक देशराज जैन, जिनेन्द्र जैन, खूबचंद जैन, अरूण जैन, अध्यक्ष सतीष जैन, भाजपा नेता दिनेश गांधी, पार्षद प्रफुल्ल जैन, रोहित गुप्ता, प्रियंक जैन, प्रबोध जैन, धर्मेंद्र जैन, प्रमोद जैन, विमल जैन , रमेश राही, अजित जैन, सौरभ जैन, अभिषेक जैन, वकील जैन, आलोक जैन, अनुज जैन, निखिल जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मानस की मधुर प्रस्तुति



**कहगांव।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर ग्राम में एक दिवसीय मानस गायन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ जिला अध्यक्ष सुशीला भंडारी, सरपंच निर्मला उशीर, धनसिंह उशीर, रामाधार, मिलन ग्वालियर, विजय रावते, राजाराम आदि की उपस्थिति में किया गया। सम्मेलन में विभिन्न समितियों ने मानस गायन किया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**आयोजन: महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकाली गई नंदी में सवार भगवान महाकाल की बारात**

# भगवान महाकाल की बारात में नाचे भूत, प्रेत, अघोरी और शिवभक्त





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महाशिवरात्रि का पावन पर्व जहां धर्म नगरी कवर्धा सहित पूरे अंचल में शिव आराधना के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं कवर्धा नगर में शिव भक्तों द्वारा इस पावन अवसर पर भगवान महाकाल की गाजे-बाजे, शंख, घंट, आतिशबाजी के साथ भव्य बारात निकाली गई। जिसमें तमाम शिव गणों के साथ सैकडों की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महा शिवरात्रि के पावन मौके पर नगर के पंचमुखी बुढा महादेव मंदिर में दोपहर करीब 2.30 बजे विधिवत मत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर भगवान महाकाल का महाअभिषेक किया गया। तत्पश्चात शाम 4.00 बजे मंदिर परिसर से भगवान महाकाल की भव्य बारात निकाली गई। जिसमें एक सजे धजे रथ में भगवान महाकाल की आकर्षक तथा मनमोहक झांकी सजाई गई थी। इस रथ के आगे नृत्कों की टोली, डीजे साऊंड, गाजा-बाजा सहित विभिन्न वेषभूषा में शिवगणों की टोली व शिवभक्त नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान कई सामाजिक संगठनो ने बारात का स्वागत भी किया। महाकाल की यह बारात बुढ़ा महादेव मंदिर से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होकर बुढा महादेव से शीतला मंदिर, सराफा मार्ग से ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक गायत्री मंदिर चौक से भारतमाता चौक होते हुए महामाया मंदिर के सामने पहुंची। जहां धूमधाम से शिव-गौरी का विवाह संपन्न कराया गया और शिव जी का भस्म श्रृंगार एवं महाआरती की गई। इस दौरान समिति ने यहां अन्य कई आयोजन किए। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शमिल हुए और शिव विवाह के साक्षी बने।





## बारात में शामिल भूत, प्रेत रहे आकर्षण का केन्द्र

इस बार नगर में निकाली गई भगवान महाकाल की बारात में हरियाणा से शामिल होने पहुंचे भूतप्रेत का दल नगरवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। करीब दर्जनभर कलाकारों के इस दल में भगवान भोलेनाथ की बारात में एक अनोखे वाहन में शमशान की राख (भस्म) लेखकर चल रहा था और मार्ग में कई अनौखे करतब दिखा रहा था। जिसे देख लोग दांतों तले उंगली दबाकर रह गए। इसी प्रकार शोभायात्रा में जींवत झांकी व कुरुक्षेत्र हरियाणा के कलाकारों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

## महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में दिखा उत्साह

पूरे देश में लगातार बढ़ रही शिवभक्ति के चलते इस वर्ष की महाशिवरात्रि में शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्व के मौके पर क्या छोटे क्या बड़े सभी शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं अगर अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक, आस्था व पर्यटन केन्द्र भोरमदेव व नगर के सिद्धपीठ पंचमुखी बुढ़ा महादेव, डोंगरिया के जालेश्वर महादेव की बात की जाए तो यहां शिवभक्तों की भीड़ देखने लायक थी। इन शिवालयों में सुबह भोर फटने के पूर्व से लेकर देररात तक भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

## तगड़ी रखी गई नगर में सुरक्षा व्यवस्था

महाशिवरात्रि के मौके पर धर्मनगरी कवर्धा में आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर सभी चौक चौराहों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा शोभायात्रा के साथ भी पुलिस के जवान व अधिकारी चल रहे थे। पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते कहीं से कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली और पूरा आयोजन शांति पूर्ण ढंग से अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप संपन्न हो गया। भगवान महाकाल की बारात के आयोजन में आयोजन समिति कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

# शिवालयों में दिनभर लगा रहा शिव भक्तों का तांता

### भोरमदेव सहित महाशिवरात्रि में कई स्थानों पर लगा मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महाशिरात्रि का पर्व कवर्धा नगर सहित पूरे जिले मे श्रद्घा भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों में कई अनुष्ठान भी किए गए। वहीं जिले के कई धार्मिक स्थलों में मेला का भी आयोजन किया गया। नगर के शिवालयों में महाशिवरात्रि के दिन सूर्योदय के पूर्व ही शिवभक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। स्थानीय सिद्घपीठ बूढ़ामहादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति हजारों शिवभक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि के मौके पर अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने अधिकांश महिला, पुरूष तथा बच्चों ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलनाथ का दूध, घी, शहद, दही, बेलपत्र, गंगाजल से अभिषेक किया तथा नारियल, अगरबत्ती, फूल चढ़ाकर विधिवत पूजा अर्चना की। यह सिलसिला सूर्योदय के पूर्व से देररात तक चलता रहा। सिद्धपीठ बुढ़ामहादेव मंदिर में लगातार शिवभक्तों के आने-जाने से मंदिर प्रांगण चलते फिरते मेला में परिवर्तित हो गया था। भारी-भीड़ भाड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर कई दुकाने भी सजाई गई थी। जिसमें शिवभक्तों के लिए पूजन सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। ऐसा ही नजारा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं शिवालय भोरमदेव में भी देखने को मिला। जहां महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से पहुंचने लगे थे। भोरमदेव में स्थानीय व बाहरी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के खासे इंतजाम किये थे। ज्ञातव्य हो कि महाशिवरात्रि के मौके पर भोरमदेव में प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यहां आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूसरे जिलों से भी शिवभक्त पहुंचते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोरमदेव के अलावा डोंगरिया, झिरना एवं जुनवानी, दशरंगपुर, कुण्डा, उडियाखुर्द के शिवालयों में भी मेले का आयोजन किया गया। जहां शिवभक्तों ने न सिर्फ भगवान शंकर की पूजा अर्चना की बल्कि जल कुण्डों में डुबकी भी लगाई। वहीं मंदिर समितियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार कर रात्रि में विशेष पूजा अर्चना की गई। कुल मिलाकर महाशिरात्रि पर्व पर दिनभर ऊं नमः शिवाय की गूंज सुनाई देती रही।

### कई स्थानों में लगा महाशिवरात्रि का मेला

ज्ञातव्य हो कि महाशिवरात्रि के मौके पर भोरमदेव में प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यहां आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूसरे जिलों से भी शिवभक्त पहुंचते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोरमदेव के अलावा डोंगरिया, झिरना एवं जुनवानी, दशरंगपुर, कुण्डा, उड़ियाखुर्द तथा विकासखण्ड स. लोहारा के बिरखा, बज नर्मदा, बावा चौरा, राजपुर सहित अंचल के कई शिवालयों में भी मेले का आयोजन किया गया। जहां लोगों की भारी भीड़ जुटी।

# पंडरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र से दबोचे 17 संदिग्ध, की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर विभिन्न राज्यों से आए 17 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 128 बी एन एस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

इस संबंध में पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चिन्हांकित कर पकड़े गए संदिग्धों ने पूछताछ के दौरान अपनी पहचान व निवास स्थान के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी तथा पुलिस को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया गया। इस पर उनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए




पुलिस द्वारा सघन जांच की गई, जिसमें उनके द्वारा जानबूझकर सही जानकारी छिपाने की आशंका पाई गई। संदिग्ध आचरण को देखते हुए पुलिस ने धारा 128 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उक्त सभी 17 व्यक्तियों को विधिवत न्यायालय में पेश किया।

पंडरिया पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन व्यक्तियों का किसी अवैध गतिविधि, संगठित अपराध, नशा तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से कोई संबंध तो नहीं है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी पंडरिया नितिन तिवारी के नेतृत्व में विशेष रूप से आरक्षक राजू चंद्रवंशी, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, आकाश भोई, कृष्णा मानिकपुरी, भुनेश्वर कौशिक एवं ओमप्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर के लायंस क्लब को मिले 9 अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल के सत्र 2024-25 की रीजन कॉन्फ्रेंस में नगर के लायंस क्लब ने 9 अवार्ड जीतकर अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। यह कॉन्फ्रेंस रायपुर के वृंदावन हॉल में 23 फरवरी को संपन्न हुई है। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन एवं मुख्य वक्ता पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेश अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर पूर्व गवर्नर द्वय प्रकाश चांडक एवं अमरजीत सिंह दत्ता तथा वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय रिपुदमन सिंह पुसरी विराजमान हुए। रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया ने मंच से गन केबल की ध्वनि से कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की। पदाधिकारियों को पुरस्कृत करने की श्रेणी में प्रेमचंद श्रीश्रीमाल को सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ सहयोगी माइक्रो चेयरपर्सन



का सम्मान दिया गया। नीरज मनजीत छाबड़ा को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी माइक्रो चेयरपर्सन एवं सुशीला श्रीश्रीमाल को सर्वश्रेष्ठ जोन चेयरपर्सन के सम्मान से सम्मानित किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष बीपी गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन, हरीश गांधी को सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार सचिव एवं रामेश्वर गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार कोषाध्यक्ष का सम्मान दिया गया। नगर के क्लब की वर्ष भर की सेवा गतिविधियों को रेखांकित करते हुए सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा क्लब की स्क्रैप बुक को सर्वश्रेष्ठ बुक चुना गया। इस रीजन में 10 क्लब शामिल किए गए हैं। ज्ञात हो कि पिछले 10-12 वर्षों में नगर के क्लब ने सेवाकार्यों के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसीलिए कवर्धा के क्लब को डिस्ट्रिक्ट के 128 क्लब्स में 10 सर्वश्रेष्ठ क्लब्स में गिना जाता है और हर वर्ष इन सेवाकार्यों का मूल्यांकन करते हुए रीजन और डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में सम्मानित पुरस्कृत किया जाता है।

# सुरेश चंद्रवंशी बने अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय किसान संघ का 14 वां अखिल भारतीय अधिवेशन सरदार कृषि नगर दांतीवाड़ा पालनपुर गुजरात में 21 से 23 फरवरी तक आयोजित किया गया।

अधिवेशन में पूरे देश से लगभग 2500 किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्घाटन नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने किया। इस अधिवेशन में कबीरधाम जिले से भी बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी भी भाग लेने पहुंचे थे। गौ कृषि वाणिज्यम के थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में गौ आधारित कृषि तथा कृषि आधारित व्यापार पर जोर दिया गया तथा आव्हान किया गया कि सरकार का कृषि क्षेत्र में विकास का यही मॉडल होना चाहिए। अधिवेशन में कहा गया कि यह भ्रम फैलाया गया है कि रोजगार देने के लिए औद्योगीकरण को बढ़ावा देना होगा जबकि सच्चाई यह है कि आज भी 42 प्रतिशत रोजगार कृषि क्षेत्र में, 32 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में तथा सबसे कम 25 प्रतिशत रोजगार उद्योग क्षेत्र में मिला है। अधिवेशन में जिले से सुरेश चंद्रवंशी को अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

**केन्द्रीकृत परीक्षा एवं विद्यालय के बेहतर संचालन का बताया तरीका**

# ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में छिरहा प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित समस्त शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों का स्थानीय जिला ग्रंथालय के सभाकक्ष में 24 व 25 फरवरी को आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने आमंत्रित वक्ता के रूप में केंद्रीकृत परीक्षा एवं विद्यालय के बेहतर संचालन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 लागू होने के बाद पहली बार पांचवीं एवं आठवीं में जिला स्तर पर केंद्रीकृत परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। इसके तहत सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा, लेकिन केन्द्राध्यक्ष अन्य विद्यालय से नियुक्त होंगे। साथ ही मूल्यांकन कार्य भी अन्य ब्लॉक में किया जाएगा। परीक्षा में गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें। विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न की जानकारी प्रदान करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर ने ब्लूप्रिंट व सभी विषयों का मॉडल प्रश्न-पत्र जारी किया है। सभी प्रधान पाठक अपने विद्यालयों में परीक्षा से पहले आवश्यक तैयारी कर लें, ताकि परीक्षा का सुव्यवस्थित संचालन हो सके। प्रायोजना कार्य भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करा लिया जावे। इस वर्ष चौंथी व सातवीं के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन अन्य विद्यालय से कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पालकों को विद्यालय से जोड़कर विद्यार्थियों के पढ़ाई में सहयोग लिया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक सत्र पालक-शिक्षक बैठक तथा पालकों से उनके घरों में जाकर संपर्क किया जाना आवश्यक है। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण हेतु प्रतिमाह स्टाफ मीटिंग किया जाना चाहिए। विद्यालय में समय-सारणी जरूर बनाएं, ताकि सभी शिक्षक प्रतिदिन निर्धारित कालखंड में अध्यापन करे। शनिवार को बैगलेश डे में शिक्षक के पास पाठ्येत्तर गतिविधियों के आयोजन का सुअवसर होता है, जिसका समुचित उपयोग किया जावे। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, बीआरसीसी केशलाल साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी, मुदिता गुप्ता एवं प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के सभी प्रधान पाठकगण उपस्थित थे।

# इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, पंडरिया में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एमएस राजपूत द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनमोहन एल. सतनामी, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ स्टडी, रसायन शास्त्र विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनामिका शुक्ला शर्मा, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग, शासकीय ई. राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. मनमोहन एल. सतनामी ने विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नैनो तकनीक के दैनिक जीवन में उपयोग और वर्तमान में हो रहे अनुसंधान एवं नए आयामों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. अनामिका शुक्ला शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और भारत के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई को दैनिक जीवन में अपनाकर हम विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में उन्नति कर सकते हैं और वैश्विक स्तर पर भारत को एक नई पहचान दिला सकते हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में साइंटिफिक मॉडल एग्जीबिशन, साइंटिफिक क्विज प्रतियोगिता, साइंटिफिक, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता शामिल थे। छात्र-छात्राओं ने इन सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी संकायों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।

## सार समाचार



### निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की हिंदी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में मातृभाषा दिवस पर विद्यार्थियों के बीच निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया।
प्रतियोगिता की थीम मातृभाषा के संरक्षण एवं संवर्धन में युवाओं की भूमिका पर विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार तथा वक्तव्य रखा।
कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में भाषायी और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता का प्रसार करना है। भाषा की मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका है। भाषा के माध्यम से ही देश ही नहीं, बल्कि विदेशों के साथ संवाद स्थापित किया जा सकता है, इसलिए विद्यार्थियों में प्रतियोगिता आयोजित किया गया।
प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि दुनियाभर में भाषा एक ऐसा साधन है, जो लोगों को एक-दूसरे से जोड़ता है और उनकी संस्कृति को प्रदर्शित करता है। एक देश में कई मातृभाषा हो सकती है। भारत में ही 122 ऐसी भाषाएं हैं। जिनको बोलने वालों की संख्या 10000 से ज्यादा है। भारत विविध संस्कृति और विभिन्न भाषाओं का देश है।
विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से संकल्प लिया, अपने मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन का।
भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर एवं द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उमाशंकर, दिनेश दामिनी, गोपीका, सत्यम, रत्नेश, कौशल्या ने भाषण प्रतियोगिता में देश की सांस्कृतिक विरासत, उसकी भाषा एवं भाषायी ज्ञान पर अपने विचार रखे। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में नम्रता, कौशल्या, शांति, जसमीत, क्षमा, टिकेश्वरी, थागेश्वर, गिरजा, चंचल, सुष्मिता, अशोक, राजविंदर, पुरुषोत्तम, अनुपमा, उमेश्वरी, दीक्षा आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों को मातृ भाषा दिवस की शुभकामनाएं दी।

### मधुसूदन यादव महापौर के हाथों खिलाडी हुए पुरस्कृत

# बिलासपुर ने नांदगांव को 6-4 गोल से हराकर जीती अस्मिता हॉकी स्टेट लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के फाइनल में बिलासपुर की बालिका टीम ने राजनांदगांव हॉकी को 6-4 गोल से संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित करते स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी। राजनांदगांव रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर जगदलपुर हॉकी ने कॉस्य पदक जीता। चौथे स्थान पर स्पोटर्स अकादमी रायपुर की टीम रही। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह मधुसूदन यादव महापौर के मुख्य आतिथ्य में अप्रिता मोहन सिन्हा क्षेत्रीय पार्षद, खेमलाल वर्मा संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव, सौमित मौर्या तहसीलदार, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी, पार्षद छोटेलाल रामटेके, तथागत विजय पांडेय के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का पुरस्कार वितरण करते हुए मधुसूदन यादव ने अपने उद्धबोधन में मंच में उपस्थित समस्त वरिष्ठजनों का स्वागत करते कहा कि राजनांदगांव में फाण्उडेशन जो हमारी सरकार ने ही खडा किया है तो उसे संवारेंगे भी हम ही। उन्होंने बताया कि खेल के क्षेत्र में जो भी संभव हो मदद करेंगे। खेल के विकास के लिए जो भी कार्य हो, चाहे फ्लड लाईट की व्यवस्था हो या हॉकी स्टेडियम के टर्फ बदलने की बात हो। उन्होंने कहा कि हॉल ही में खेलो इंडिया से बात हुई है कि हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ को बदलने का जो प्रस्ताव है, वह राज्य सरकार ने अपने बजट में लिया है।




#### रोमांचक रहा मैच

हॉकी स्टेडियम में आज अपरांह में खेले गए बिलासपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया फाइनल मैच बहुत संघर्षपूर्ण रहा। जिसमें बिलासपुर ने राजनांदगांव को 6-4 गोल से पराजित किया। मैच के प्रारंभ से ही बिलासपुर ने राजनांदगांव पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और पहले ही मिनट में रिया खलखो ने मैदानी गोल किया। मैच के 7वें मिनट में दामिनी खुसरो ने, मैच के 15वे मिनट में प्रियंका तिलगम, 19वें मिनट और 27वें मिनट में रिया खलखो ने और मधु सिदान ने गोल किया था। वहीं राजनांदगांव की ओर से श्यामली राय और नैना सोनकर ने 1-1 गोल और ढुबी रावत ने 2 गोल किया था। हॉकी बिलासपुर ने 6-4 गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इसके पहले खेले गए तीसरे व चौथे स्थान के लिए हॉकी जगदलपुर ने स्पोटर्स अकादमी रायपुर को कड़े मुकाबले में 2-1 गोल से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस रोमांचक मुकाबले में मैच के मध्यांतर तक दोनो ही टीम ने कोई भी गोल नहीं कर पाई। मैच के मध्यांतर के बाद मैच के 32वें मिनट में रायपुर की ओर से प्रतिमा कोलियारा ने गोल कर 1-0 गोल की बढत बनाई थी वहीं हॉकी जगदलपुर की ओर से मैच के 36वें मिनट में दामिनी कश्यप ने गोल कर 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। मैच के 55वें मिनट में चंद्रवती नेताम ने गोल कर 2-1 गोल से जीत दर्ज कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह का संचालन दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह ने किया। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण, हॉकी इंडिया एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ में महिला हॉकी खेल का बढावा देने के उद्देश्य से अस्मिता हॉकी स्टेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 9,60,000 रुपए की नगद राशि विजेता, उपविजेता व तीसरे स्थान रहने वाले टीमों को पुरस्कार स्वरूप दिया गया, जो कि ऐतिहासिक है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की इस पहल से खिलाड़ियों को उचित मंच के साथ-साथ वित्तीय सहायता प्रदान की गई। अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का आयोजन देश के चुनिंदा आठ राज्यों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ को इस क्रम में पहला स्थान दिया गया।

समापन समारोह में प्रमुख रूप से अजय झा, विद्या विलास श्रीवास्तव, नीलम जैन, भूषण साव, अनूप श्रीवास्तव, ज्ञानचंद जैन, अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया, गुणवंत पटेल, सुदर्शन सिंह, डेनीज कृस्टि, अनुराज श्रीवास्तव, सचिन खोबरागड़े, शब्बीर सोलंकी, अभिनव मिश्रा, शिवा चौबे, रूपेश जायसवाल, तीरथ गोस्वामी, कृष्णा यादव, संतोष चोखान्द्रे, ममता गुप्ता, जितेंद्र सीमंकर, रवि कॉन्डईया आदि उपस्थित थे। आज के मैच में दामिनि सिंह, दिलीप रावत, राजेश निर्मलकर, हनीफ कुरैशी, हारून खान, किशोर धीवर उपस्थित थे।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष राजनांदगांव में आयोजित हुई।

बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के आयोजन, सेवा सहकारी समितियों में गोदामों का निर्माण, बीज प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, सेवा सहकारी समितियों में धर्मकांटा की स्थापना, जनऔषधि केंद्र में व्यवसाय बढ़ाने की कार्ययोजना, जल जीवन मिशन के तहत कार्यपूर्ण करने वाले पंचायतों द्वारा कार्य संचालन के लिए समिति को सौंपना, मॉडल पैक्स बनाए जाने का अनुमोदन, सभी सहकारी समिति और उनके सदस्यों के बैंक खाते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में खुलवाने, माईक्रो एटीएम का अधिकतम उपयोग एवं रुपया केसीसी कार्ड का वितरण, अग्रिम उठाव के तहत रासायनिक खाद भंडारण, धान के बदले अन्य फसलों पर ऋण स्वीकृति एवं वितरण, एनएएफईडी द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अन्य फसलों का उपार्जन, अकार्यशील सहकारी समितियों के पंजीयन निरस्ती की कार्रवाई, सहकारी समितियों के अंकेक्षण प्रगति और अंकेक्षण शुल्क की वसूली तथा सभी पंजीकृत सहकारी समितियों को जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव की सदस्यता प्रदाय किया जाना सहित जिले के विभिन्न सहकारी समितियों के विकास में विभिन्न निर्णय लिए गए।

# ज्ञान मानसरोवर में भक्तों की भीड़, गूंजे जयकारे

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव के डोंगरगांव रोड गोकुल नगर के आगे बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ज्ञान मानसरोवर सेवाकेंद्र में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। महाशिवरात्रि अवसर पर सर्व-धर्म सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया था। सम्मेलन में ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन के साथ सनातन धर्म के प्रतिनिधि सत्यानंद योग आश्रम से स्वामी स्वयंभूनाथ, मुस्लिम समाज से आबिद बेग तथा सिख समाज से त्रिलोचन बग्गा शामिल हुए।

ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण की याद में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है, जब घोर कलयुग के अंत में सभी मनुष्य आत्माएं त्राहि-त्राहि करते हैं तो सबको सुख-शांति से भरपूर करने तथा राजयोग से सबका जीवन परिवर्तन करने परमात्मा शिव को इस धरा पर आना पड़ता है। सबके लिए खुशखबरी यह है कि परमात्मा शिव को इस धरा पर अवतरित हुए 89 वर्ष हो रहे हैं। यह आत्मा और परमात्मा के मिलन का सुखद संगम युग का समय है। सिख धर्म से पधारे त्रिलोचन सिंह बग्गा ने कहा कि परमात्मा एक है, लेकिन सभी धर्म उस परमात्मा से मिलन का मार्ग अपने-अपने तरीके से बताते हैं, लेकिन सबका मंजिल एक परमात्मा की प्राप्ति ही है। मुस्लिम समाज से पधारे आबिद बेग ने कहा कि सभी मानव मात्र का एक ही धर्म है इंसानियत। जिसका हमें सम्मान करना चाहिए। सत्यानंद योग आश्रम से पधारे स्वामी स्वयंभूनाथ ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन किया गया। वहीं शिव बाबा का झंडा फहराया गया। कुमारी यशस्वी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया तथा कुमारी शगुन ने शिव तांडव प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने किया।



# मंडल सुरक्षा आयुक्त ने रेसुब पोस्ट का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मंडल सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल द.पू.म.रेलवे नागपुर दीपचंद्र आर्य ने रेसुब पोस्ट राजनांदगांव का वार्षिक विस्तृत निरीक्षण किया । इस दौरान स्टाफ द्वारा उनका स्वागत किया गया।

मंडल सुरक्षा आयुक्त 25 फरवरी को सुबह इंटरसिटी एक्सप्रेस के माध्यम से राजनांदगांव पहुंचे। इस दौरान इंस्पेक्टर तरुणा साहू प्रभारी रेसुब पोस्ट राजनांदगावं द्वारा दीपचंद्र आर्य का स्वागत किया।

**किया परेड निरीक्षण**

उन्होंने निरीक्षण के क्रम में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव के बल सदस्यों का परेड का निरीक्षण कियाद। परेड संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैरक प्रॉगण में कीट निरीक्षण किया गया तथा कीट सामग्रियों के रखरखाव एवं उचित इस्तेमाल करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने पोस्ट में उपस्थित अधिकारी एवं बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन लिया गया।



बल सदस्यों की समस्याएं सुनी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बल सदस्यों को आधुनिक संसाधनों व तकनीक का उपयोग करने तथा ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने पदीय कर्तव्य के निवर्हन करने, अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के संबंध में उचित मार्गदर्शन व निर्देश दिया गया।

निरीक्षण प्रवास के दौरान मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य रेल सुरक्षा बल मंडल नागपुर ने राजनांदगांव के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से मुलाकात की और रेल संपत्ति और रेल यात्री की सुरक्षा के संबंध में समन्वय किया। इस दौरान कुछ रेलवे स्टेशन के नक्सल प्रभावित इलाकों में होने के चलते व जिले के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों में भी सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाए रखने चर्चा की।

## क्षेत्रीय बैठक की तैयारियां प्रारंभ

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के शीर्षस्थ मजदूर नेताओं की छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में प्रस्तावित दो दिवसीय बैठक की जिला भारतीय मजदूर संघ ने व्यापक तैयारियॉ प्रारंभ कर दी है। मंगलवार को महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जिला कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक भामसं के प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे व विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें बैठक की सफल व्यवस्था के लिए व्यापक विचार-विमर्श हुआ और विभिन्न समितियों का गठन कर उसके प्रभारी व सदस्यों की नियुक्ति की गई तथा सभी को तत्काल कार्य पर लग जाने का निर्देश दिया गया।

भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता भामसं के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा कर रहे थे। बैठक में आगामी 8 व 9 मार्च को डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी प्रांगण में स्थित क्षीरपानी जलाशय के समीप मनोहारी दृश्य वाले गेस्ट हाउस में आयोजित की गई है। बैठक के प्रतिनिधिगण 8 मार्च से बैठक स्थल पर पहुंचने लगेंगे, इसलिए व्यवस्था संबंधी कार्यकर्ताओं को 8 मार्च को सुबह 10 बजे क्षीरपानी विश्राम गृह में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। बैठक के सफल आयोजन के लिए भोजन व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था समिति, आने व जाने वाले प्रतिनिधियों के लिए यातायात व्यवस्था समिति तथा स्वागत व मंच संबंधी जरूरतों के लिए कमेटियों का गठन किया गया है। बैठक के लिए डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से लेकर बैठक स्थल तक भामसं के झंडों से मार्ग को सजाया जाएगा। विशाल स्वागत द्वार का निर्माण भी होगा तथा आगत प्रतिनिधियों के स्वागत की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला मंत्री नरेश कुमार साहू आदि को सौंपी गई है।



# लालूटोला में नवनिर्मित 33/11 केव्ही सब स्टेशन ऊर्जीकृत


- 17 गांव के 4500 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विकासखंड़ छुरिया के ग्राम लालूटोला में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र को राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता एनके साहू, मुकेश साहू, एडी टंडन, सहायक अभियंता दिनेश कुमार चतुर्वेदी, अजय विश्वकर्मा, आरके साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। इस उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर से निकलने वाले 11 केव्ही के तीनों फीडरों यथा लालूटोला, बापूटोला एवं कुबराडीह के माध्यम से 17 ग्रामों के 4500 कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा सुनिश्चित हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता एनके साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत नवनिर्मित इस उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर, 7.50 किमी 33 केव्ही एवं 8.50 किमी 11 केव्ही की नई लाइन सृजित की गई है।



छुरिया उपसंभाग के ग्राम लालूटोला में नवनिर्मित इस 33/11 केव्ही उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से ग्राम लालूटोला, बिसाहूटोला, बरछाटोला, बापूटोला, पाटेकोहरा, नरायणगढ़, रामपुर, लालूटोलाखार, पिनकापार, नवागांव, मासूलजोब, कुबराडीह, रानीतालाब, औंराटोला, कुहीकोड़ा एवं सड़कबंजारी के लगभग 4500 उपभाक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिलेगी।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.


स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

# पत्रकार कालोनी का कार्य पूर्ण करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी के फेस-टू में मूलभूत सुविधाओं के तहत रोड, नाली निर्माण एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य तथा पाईप लाइन विस्तार का मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि के साथ निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर शासन द्वारा राजनांदगांव के पत्रकारों के लिए बसंतपुर डोंगरगांव रोड में आबंटित आवासीय भूमि में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी एवं रोड नाली निर्माण के लिए शासन से पूर्व में प्रदत्त राशि से नगर निगम द्वारा सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण किया गया तथा विद्युत मंडल के माध्यम से विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर व विद्युत तार लगाया गया और अब फेस-टू के लिए प्रदत्त राशि से बाउंड्रीवाल निर्माण, पीसीसी रोड व आरसीसी नाली निर्माण तथा पाईप लाइन विस्तार कराया जा रहा है। जिसका मंगलवार को आयुक्त विश्वकर्मा प्रेस क्लब अध्यक्ष अग्रहरि व पदाधिकारियों तथा तकनीकि अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रख कर्य में गति लाने के निर्देश दिए।



प्रेस क्लब फेस-टू में निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने जानकारी दी कि पीसीसी रोड निर्माण के लिए डब्लूएमएम कार्य पूर्ण हो चुका है। सीमेंटींकरण किया जाना है। नाली निर्माण भी पूर्ण हो चुका है तथा बाउंड्रीवाल का कार्य अंतिम चरण में है। इसी प्रकार पाईप लाइन विस्तार में मेन लाईन में हो गया है, अंदर के भागों में किया जाना है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि बाउंड्रीवाल के शेष कार्य जल्द पूर्ण करें तथा सीमेंटीकरण कार्य तत्काल प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि सीमेंटीकरण में पानी तराई का विशेष ध्यान रखा जाए एवं पाईप लाइन विस्तार भी शीघ्र प्रारंभ करें। उन्होंने सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उपअभियंता आयुषी सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित था।

online Booking:-www.tripuryatra.com

श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग
9 दिन
19 मार्च से 27 मार्च 2025, 16 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
07 मई से 15 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# सारमति माता की जन्मधरा पर जैन संतों की अगवानी में उमड़े लोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव**

दिगंबर जैन परंपरा के प्रख्यात संत आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका सरमती माता की जन्म धरा में सात साल लंबे इंतजार के बाद 10 संतों ने एक साथ कदम रखा हैं। गौरतलब है कि आचार्यश्री की मौजूदगी में दिगंबर जैन मंदिर निर्माण की बुनियाद रखी गई थी। मंदिर का निर्माण होने के बाद सात साल पहले प्राण प्रतिष्ठा और पंच कल्याणक महोत्सव आचार्य श्री की मौजूदगी में संपन्न हुआ था। इस महायोजन में आचार्य श्री सहित 29 मुनि शामिल हुए थे।

सात साल के इंतजार बाद आचार्यश्री के संघ के निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समता सागर जी ससंघ, मुनि श्री 108 पवित्र सागर जी ससंघ, निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर ससंघ सहित ऐलक निश्चय सागर, ऐलक निजानंद सागर, क्षुल्लक संयम सागर, क्षुल्लक मनन सागर, क्षुल्लक विचार सागर, क्षुल्लक विरल सागर चन्द्रगिरि तीर्थ से बिहार कर बुधवार को नगर पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्थानीय जैन समाज ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर



आगवानी की। समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर सभी मुनिराजों ने श्री 1008 अजितनाथ भगवान जिनकी प्राण प्रतिष्ठा आचार्यश्री ने किया था के दर्शन किए।

उल्लेखनीय है कि 2009 में मुनिश्री पवित्र सागर और मुनिश्री प्रयोग सागर महाराज का चातुर्मास नगर में हुआ था। चातुर्मास के बाद यहां से बिहार करने के करीब डेढ़ दशक अंतराज बाद मुनिश्री पवित्र सागर महाराज का आगमन नगर में हुआ।

### आज सर्वधर्म सभा

समाज के अध्यक्ष सतीश जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि कल 27 फरवरी को जैन भवन में सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया है। धर्मसभा को निर्यापक मुनिश्री समतासागर संबोधित करेंगे। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### आर्यिकाओं का मंगल प्रवेश आज

जानकारी के अनुसार जेष्ठ आर्यिका 105 गुरूमति माता ससंघ, आर्यिका दृढमति माता, आर्यिका सारमति माता सहित 35 से 40 साध्वियों ने बुधवार को चन्द्रगिरि से बिहार किया। रात्रि विश्राम डुंडेरा मे करने के बाद कल गुरूवार को आहारचर्या ओड़ारबांध साहू धर्मशाला में होगी। आर्यिकाओं का विशाल संघ काकल गुरूवार को नगर प्रवेश होगा। अगवानी के दौरान समाज के संरक्षक देशराज जैन, जिनेन्द्र जैन, खूबचंद जैन, अरूण जैन, अध्यक्ष सतीष जैन, भाजपा नेता दिनेश गांधी, पार्षद प्रफुल्ल जैन, रोहित गुप्ता, प्रियंक जैन, प्रबोध जैन, धर्मेंद्र जैन, प्रमोद जैन, विमल जैन , रमेश राही, अजित जैन, सौरभ जैन, अभिषेक जैन, वकील जैन, आलोक जैन, अनुज जैन, निखिल जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर देवालयों में उमड़ा जन सैलाब

■ पूजा-अर्चना करने उमड़ी भक्तजनों की भारी भीड़।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव**



महाशिवरात्रि पर्व सनातनियों का एक प्रमुख त्यौहार है, यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है, माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व पत्नी पार्वती की पूजा होती हैं। यह पूजा व्रत रखने के दौरान की जाती है। साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, भारत सहित पूरी दुनिया में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनुज चढ़ाने में देर नहीं लगाई, वह तीर छोड़ने ही वाला था कि मृगी बोली हे पारधी मैं इन बच्चों को इनके पिता के हवाले करके लौट आऊगी।

इस समय मुझे शिकारी हसा और बोला, सामने आए शिकार को छोड़ दूँ, मैं ऐसा मूर्ख नहीं। इससे पहले मैं दो बार अपना शिकार खो चुका हूँ। मेरे बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहे होंगे। उत्तर में मृगी ने फिर कहा, जैसे तुम्हें अपने बच्चों की ममता सता रही है, ठीक वैसे ही मुझे भी। इसलिए सिर्फ बच्चों के नाम पर मैं थोड़ी देर के लिए जीवनदान माँग रही हूँ, हे पारधी, मेरा विश्वास कर, मैं इन्हें इनके पिता के पास छोड़कर तुरन्त लौटने की प्रतिज्ञा करती हूँ। मृगी का दीन स्वर सुनकर शिकारी को उस पर दया आ गई। उसने उस मृगी को भी जाने दिया। शिकार के अभाव में बेल-वृक्षपर बैठा शिकारी बेलपत्र तोड़-तोड़कर नीचे फेंकता जा रहा था। पौ फटने को हुई तो एक हृष्ट-पुष्ट मृग उसी रास्ते पर आया। शिकारी ने सोच लिया कि इसका शिकार वह अवश्य करेगा।

शिकारी की तनी प्रत्यंचा देखकर मृगविनीत स्वर में बोला, हे पारधी भाई! यदि तुमने मुझसे पूर्व आने वाली तीन मृगियों तथा छोटे-छोटे बच्चों को मार डाला है, तो मुझे भी मारने में विलम्ब न करो, ताकि मुझे उनके वियोग में एक क्षण भी दुःख न सहना पड़े। मैं उन मृगियों का पति हूँ। यदि तुमने उन्हें जीवनदान दिया है तो मुझे भी कुछ क्षण का जीवन देने की कृपा करो। मैं उनसे मिलकर तुम्हारे समक्ष उपस्थित हो जाऊगा। मृग की बात सुनते ही शिकारी के सामने पूरी रात का घटनाचक्र घूम गया, उसने सारी कथा मृग को सुना दी। तब मृग ने कहा, 'मेरी तीनों पत्नियाँ जिस प्रकार प्रतिज्ञाबद्ध होकर गई हैं, मेरी मृत्यु से अपने धर्म का पालन नहीं कर पाएँगी। अतः जैसे तुमने उन्हें विश्वासपात्र मानकर छोड़ा है, वैसे ही मुझे भी जाने दो। मैं उन सबके साथ तुम्हारे सामने शीघ्र ही उपस्थित होता हूँ।' उपवास, रात्रि-जागरण तथा शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ने से शिकारी का हिंसक हृदय निर्मल हो गया था।

उसमें भगवद् शक्ति का वास हो गया था। धनुष तथा बाण उसके हाथ से सहज ही छूट गया। भगवान शिव की अनुकम्पा से उसका हिंसक हृदय कारुणिक भावों से भर गया। वह अपने अतीत के कर्मों को याद करके पश्चाताप की ज्वाला में जलने लगा। थोड़ी ही देर बाद वह मृग सपरिवार शिकारी के समक्ष उपस्थित हो गया, ताकि वह उनका शिकार कर सके, किन्तु जंगली पशुओं की ऐसी सत्यता, सात्विकता एवं सामूहिक प्रेमभावना देखकर शिकारी को बड़ी ग्लानि हुई। उसके नेत्रों से आँसुओं की झड़ी लग गई। उस मृग परिवार को न मारकर शिकारी ने अपने कठोर हृदय को जीव हिंसा से हटा कर सदा के लिए कोमल एवं दयालु बना लिया। देवलोक से समस्त देव समाज भी इस घटना को देख रहे थे। घटना की परिणति होते ही देवी-देवताओं ने पुष्प-वर्षा की। तब शिकारी तथा मृग परिवार मोक्ष को प्राप्त हुए।

# कवर्धा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशानुसार गांजा सप्लाई से जुड़े नेटवर्क के स्त्रोत से लेकर अंतिम गंतव्य तक सख्त कार्रवाई की जा रही है इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा कबीरधाम पुलिस ने गांजा तस्करी के संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता हासिल की। मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा बॉर्डर से जुड़े तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपी शिवम यादव को गिरफ्तार किया, जो कि ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से गांजा खरीद रहा था जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा अपराध व अपराधिक मामलों तथा अन्य गतिविधियों में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गांजा तस्करी के संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करने के तहत पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो उड़ीसा से आने वाले गांजे की खरीद में ऑनलाइन भुगतान कर सक्रिय रूप से शामिल था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों 07 फरवरी 2025 को कबीरधाम पुलिस ने चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हाई स्कूल दशरंगपुर के पास वाहन चेकिंग के दौरान हुंडई वेन्यु कार सीजी 07 बीएक्स 5675 से 6.320 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया था। इस मामले में थाना पिपरिया में अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 20(बी)एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर दो आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया जिसमें आरोपी धनराज पवार पिता राजू पवार, निवासी वार्ड नं. 48, नंदनी चौक, राजनांदगांव, मोहम्मद इरफान खान पिता अब्दुल रहमान, निवासी वार्ड नं. 14, स्टेशन पारा थाना सिटी कोतवाली, राजनांदगांव के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 6.320 किलोग्राम गांजा कीमत 63,200 रूपए, हुंडई वेन्यु कार सीजी 07 बीएक्स 5675 कीमत 6,00,000 व तीन टचस्क्रीन मोबाइल कुल कीमत 24,000 कुल जप्त सामग्री की कीमत 6,87,200 जब्त कर जेल भेजा गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को दिलाया न्याय



■ पीड़ित परिवार की मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

शहर में बीते दिनों सोमवार को कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग मिनीमाता चौंक में ट्रक चालक की भारी लापरवाही व धान से भरी ट्रक के चपेट में आने से विजय मल्लाह का सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया। जिस पर मृतक के परिजन न्याय की मांग को लेकर डटे हुए थे, वहीं कांग्रेस ने पीड़ित परिवार की आवाज को बुलंद करते हुए प्रशासन तक उनकी मांगों को पहुंचाया। नेशनल हाईवे में जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 8 घंटे तक पीड़ित परिवार की मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया।

जिस पर शासन प्रशासन मुआवजा राशि देने पर मजबूर, वहीं कवर्धा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने आखिरकार फोनिक माध्यम से पीड़ित परिवार एवं समाज के प्रतिनिधियों से बात कर 5 लाख रुपए देने की घोषणा की, साथ ही दुर्घटना में घायल जोधू को 2 लाख रुपए एवं उचित ईलाज कराए जाने की घोषणा की, तो इसके साथ ही जिला प्रशासन ने भी 25 हजार रुपए नगद पीड़ितों को दिया। कांग्रेस ने पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए हाईवा संचालक से संपर्क कर 50 हजार रुपए की राशि दिलवाया।

जिस पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि उक्त मामले में पीड़ितों को लेकर न्यायालय में गुहार लगाएंगे, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। साथ ही मछुआरों की मृत्यु पर मत्स्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि के लिए भी विभागीय अधिकारी से बात करेंगे। साथ ही अशोक सिंह ने घटना के बाद पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति देते हुए यथासंभव मदद पहुंचाया, वहीं कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार नामदेव ने सरकार के समक्ष परिवार वालों का दृढ़ता से आवाज बुलंद करते हुए उन्हें न्याय दिलवाया।

# नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने शहर के विभिन्न स्थानो में गौ-जल पात्र रखने के कार्य का किया शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर तुलसी गौ-सेवा समिति कवर्धा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कायस्थ समाज के अध्यक्ष शेखर बक्शी, विशिष्ट अतिथिगण सुचित बोथरा, समाज सेवी व पार्षद अजय ठाकुर, श्रीमती मनीषा अनिल साहू, दुर्गेश अवस्थी उपस्थित थें। विदित हो कि समिति द्वारा विगत दो वर्ष से गौ आहार का वितरण शहर भर में किया जा रहा है। इसी अनुक्रम को बढ़ाते हुए सदस्यों द्वारा सामूहिक निर्णय लेते हुए घुमंतु पशुओं के लिए गरमी में पानी की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर अमल करते हुए बुधवार को जल पात्र (टंकी) वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसे हरी झण्डी दिखाकर मुख्य अतिथि ने समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि तुलसी गौ सेवा समिति द्वारा ऑक्सीजन के स्तर को बनाए रखने एवं पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने हेतु समय-समय पर घर एवं कार्यालय में तुलसी पौधा का वितरण भी किया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संतुलन के लिए गाय को उपयोगी एवं इनका संरक्षण को अनिवार्य बताया। इस पर समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी विशिष्ट अतिथि शेखर बख्शी ने अपने उद्बोधन में बताया कि कुछ वर्ष पहले चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भी शहर में इस कार्य को आरंभ किए यह पुनीत कार्य है। इससे सामाजिक चेतना भी जागृत होगी एवं गौ सेवा को राष्ट्र सेवा के बराबर बताया। पार्षद अजय ठाकुर ने गौ जल पात्र कार्यक्रम को निरंतर आगे बढ़ाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तुलसी गौ सेवा समिति के सदस्य संजीव शर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, मनोज यादव, ओमप्रकाश चंदेल, माधवेश केशरी, जागेन्द्र श्रीवास्तव, नंदकुमार सोनी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, वेदप्रकाश साहू, दिलेश्वर साहू, सौरभ तिवारी, राजेन्द्र सोनी, छोटे लाल सोनी, तातूराम यादव, नीलेष जैन, दुर्गेश ठाकुर ने सहयोग दिया। देवेन्द्र श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित जन को प्रसाद वितरण कर पूर्ण किया गया ।

# जलेश्वर महादेव घाट में लगा आस्था का मेला...



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई से 3 किलो मीटर की दूरी में स्थित डोंगरिया स्वयंभू जलेश्वर महादेव घाट में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रात: 4:00 बजे से ही श्रद्धालुओं व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी। जहां भक्तजनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भक्तजनों द्वारा सुबह से देर रात तक स्नान-दान, पूजा-अर्चना करते रहें। वही डोंगरिया देव स्थल प्रांगण पर ही तरह-तरह की दुकान सजी।

## खिलाड़ियों में भारी उत्साह का माहौल, दी बधाई व शुभकामनाएं

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भूपेंद्र गढ़े ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा**

सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 46वी सीनियर राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 22 से 26 फरवरी तक आयोजित किया गया था, जिसमे छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हुई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ के पुरुष टीम ने आठवी बार स्वर्ण पदक लगाकर इतिहास रच दिया है।

इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े और महिला वर्ग में कविता सिन्हा एवं गौरी जायसवाल कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था। अकेडमी से तीन खिलाड़ियों का सॉफ्टबॉल सीनियर प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था, जिसमें भूपेंद्र गढ़े एवं उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक लगाया है और प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया है जो हमारे जिले के लिए गौरव की बात है।

वहीं पुरुष टीम का पहला मैच हिमाचल प्रदेश के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के टीम ने 10-00 से हिमाचल प्रदेश को हराकर प्री-नॉक आउट में प्रवेश किया जहां उनका सामना हरियाणा के साथ हुआ था, जिसमें हरियाणा की टीम को 04-00 से हराकर सुपर लीग में प्रवेश किए जिसमे छत्तीसगढ़ पुरुष टीम का मैच राजस्थान, पंजाब और आंध्रप्रदेश के साथ हुआ जहां तीनों को हराकर पुल टॉप किए और पहला क्वालीफायर राउंड में प्रवेश किए जिसमे इनका सामना मध्यप्रदेश के साथ हुआ, इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने मध्यप्रदेश को 12-00 से हराया और ग्रैंड फाइनल मैच में प्रवेश किए वही मध्यप्रदेश की टीम को एक मौक और मिला एलिमिनेटर राउंड में जहां उनका मुकाबला महाराष्ट्र के साथ और महाराष्ट्र की टीम को हराकर ग्रैंड फाइनल में एंट्री किए और इसी के साथ ग्रैंड फाइनल में छत्तीसगढ़ विरुद्ध मध्यप्रदेश के बीच एक बार फिर से फाइनल मुकाबला हुआ जो पांच इनिंग की यह मैच बहुत ही रोमांचक भरा रहा जिसमें छत्तीसगढ़ कि पुरुष टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से हिटिंग और पिचिंग के मदद से मध्यप्रदेश की टीम को 06-00 से हराकर आठवी बार चैंपियन बने जो छत्तीसगढ़ टीम के लिए बहुत गौरव का पल रहा, इसी के साथ महिला टीम ने अपने पुल के सारे मैच जीत कर प्री नॉकआउट मैच में प्रवेश किए जहां उनके मुकाबला हिमाचल प्रदेश के साथ हुआ जिसको 10-00 से हराकर सुपर लीग मैच में एंट्री किया। जहां इनका मुकाबला राजस्थान, महाराष्ट्र और तेलंगाना के साथ हुआ पर राजस्थान और महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ महिला टीम का मुकाबला हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा और लीग से बाहर होना पड़ा।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव दर्शन व भव्य झांकी प्रदर्शन का किया शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय उप सेवा केन्द्र शिव ज्योति भवन छीरपानी कॉलोनी परिसर कवर्धा मे द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव दर्शन चार दिवसीय 24 से 27 फरवरी तक भव्य झांकी का द्वितीय दिवस दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रानी संगीता जैन, डॉ बक्शी द्वय, डॉ अतुल वर्मा एवं बीके नीलेश्वरी, बीके गोमती व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## आयोजन: महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकाली गई नंदी में सवार भगवान महाकाल की बारात

# भगवान महाकाल की बारात में नाचे भूत, प्रेत, अघोरी और शिवभक्त









हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महाशिवरात्रि का पावन पर्व जहां धर्म नगरी कवर्धा सहित पूरे अंचल में शिव आराधना के साथ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं कवर्धा नगर में शिव भक्तों द्वारा इस पावन अवसर पर भगवान महाकाल की गाजे-बाजे, शंख, घंट, आतिशबाजी के साथ भव्य बारात निकाली गई। जिसमें तमाम शिव गणों के साथ सैकडों की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महा शिवरात्रि के पावन मौके पर नगर के पंचमुखी बुढा महादेव मदिर में दोपहर करीब 2.30 बजे विधिवत मत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर भगवान महाकाल का महाअभिषेक किया गया। तत्पश्चात शाम 4.00 बजे मंदिर परिसर से भगवान महाकाल की भव्य बारात निकाली गई। जिसमें एक सजे धजे रथ में भगवान महाकाल की आकर्षक तथा मनमोहक झांकी सजाई गई थी। इस रथ के आगे नृत्कों की टोली, डीजे साऊंड, गाजा-बाजा सहित विभिन्न वेषभूषा में शिवगणों की टोली व शिवभक्त नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान कई सामाजिक संगठनो ने बारात का स्वागत भी किया। महाकाल की यह बारात बुढ़ा महादेव मंदिर से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होकर बुढा महादेव से शीतला मंदिर, सराफा मार्ग से ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक गायत्री मंदिर चौक से भारतमाता चौक होते हुए महामाया मंदिर के सामने पहुंची। जहां धूमधाम से शिव-गौरी का विवाह संपन्न कराया गया और शिव जी का भस्म श्रृंगार एवं महाआरती की गई। इस दौरान समिति ने यहां अन्य कई आयोजन किए। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शमिल हुए और शिव विवाह के साक्षी बने।

### बारात में शामिल भूत, प्रेत रहे आकर्षण का केन्द्र

इस बार नगर में निकाली गई भगवान महाकाल की बारात में हरियाणा से शामिल होने पहुंचे भूतप्रेत का दल नगरवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। करीब दर्जनभर कलाकारों के इस दल में भगवान भोलेनाथ की बारात में एक अनोखे वाहन में शमशान की राख (भस्म) लेखकर चल रहा था और मार्ग में कई अनौखे करतब दिखा रहा था। जिसे देख लोग दांतों तले उंगली दबाकर रह गए। इसी प्रकार शोभायात्रा में जींवत झांकी व कुरुक्षेत्र हरियाणा के कलाकारों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केन्द्र रहा।

### महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में दिखा उत्साह

पूरे देश में लगातार बढ़ रही शिवभक्ति के चलते इस वर्ष की महाशिवरात्रि में शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्व के मौके पर क्या छोटे क्या बड़े सभी शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं अगर अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक, आस्था व पर्यटन केन्द्र भोरमदेव व नगर के सिद्धपीठ पंचमुखी बुढ़ा महादेव, डोंगरिया के जालेश्वर महादेव की बात की जाए तो यहां शिवभक्तों की भीड़ देखने लायक थी। इन शिवालयों में सुबह भोर फटने के पूर्व से लेकर देरराात तक भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

### तगड़ी रखी गई नगर में सुरक्षा व्यवस्था

महाशिवरात्रि के मौके पर धर्मनगरी कवर्धा में आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर सभी चौक चौराहों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा शोभायात्रा के साथ भी पुलिस के जवान व अधिकारी चल रहे थे। पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते कहीं से कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली और पूरा आयोजन शांति पूर्ण ढंग से अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप संपन्न हो गया। भगवान महाकाल की बारात के आयोजन में आयोजन समिति कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

# शिवालयों में दिनभर लगा रहा शिव भक्तों का तांता

## भोरमदेव सहित महाशिवरात्रि में कई स्थानों पर लगा मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महाशिरात्रि का पर्व कवर्धा नगर सहित पूरे जिले मे श्रद्घा भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों में कई अनुष्ठान भी किए गए। वहीं जिले के कई धार्मिक स्थलों में मेला का भी आयोजन किया गया। नगर के शिवालयों में महाशिवरात्रि के दिन सूर्योदय के पूर्व ही शिवभक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। स्थानीय सिद्घपीठ बूढ़ामहादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति हजारों शिवभक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि के मौके पर अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने अधिकांश महिला, पुरूष तथा बच्चों ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलनाथ का दूध, घी, शहद, दही, बेलपत्र, गंगाजल से अभिषेक किया तथा नारियल, अगरबत्ती, फूल चढ़ाकर विधिवत पूजा अर्चना की। यह सिलसिला सूर्योदय के पूर्व से देररात तक चलता रहा। सिद्धपीठ बुढ़ामहादेव मंदिर में लगातार शिवभक्तों के आने-जाने से मंदिर प्रांगण चलते फिरते मेला में परिवर्तित हो गया था। भारी-भीड़ भाड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर कई दुकाने भी सजाई गई थी। जिसमें शिवभक्तों के लिए पूजन सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। ऐसा ही नजारा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं शिवालय भोरमदेव में भी देखने को मिला। जहां महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से पहुंचने लगे थे। भोरमदेव में स्थानीय व बाहरी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के खासे इंतजाम किये थे। ज्ञातव्य हो कि महाशिवरात्रि के मौके पर भोरमदेव में प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यहां आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूसरे जिलों से भी शिवभक्त पहुंचते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोरमदेव के अलावा डोंगरिया, झिरना एवं जुनवानी, दशरंगपुर, कुण्डा, उडियाखुर्द के शिवालयों में भी मेले का आयोजन किया गया। जहां शिवभक्तों ने न सिर्फ भगवान शंकर की पूजा अर्चना की बल्कि जल कुण्डों में डुबकी भी लगाई। वहीं मंदिर समितियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार कर रात्रि में विशेष पूजा अर्चना की गई। कुल मिलाकर महाशिरात्रि पर्व पर दिनभर ऊं नमः शिवाय की गूंज सुनाई देती रही।

### कई स्थानों में लगा महाशिवरात्रि का मेला

ज्ञातव्य हो कि महाशिवरात्रि के मौके पर भोरमदेव में प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यहां आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूसरे जिलों से भी शिवभक्त पहुंचते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोरमदेव के अलावा डोंगरिया, झिरना एवं जुनवानी, दशरंगपुर, कुण्डा, उड़ियाखुर्द तथा विकासखण्ड स. लोहारा के बिरखा, बज नर्मदा, बावा चौरा, राजपुर सहित अंचल के कई शिवालयों में भी मेले का आयोजन किया गया। जहां लोगों की भारी भीड़ जुटी।

# पंडरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र से दबोचे 17 संदिग्ध, की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया




पंडरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर विभिन्न राज्यों से आए 17 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 128 बी एन एस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

इस संबंध में पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चिन्हांकित कर पकड़े गए संदिग्धों ने पूछताछ के दौरान अपनी पहचान व निवास स्थान के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी तथा पुलिस को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया गया। इस पर उनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए पुलिस द्वारा सघन जांच की गई, जिसमें उनके द्वारा जानबूझकर सही जानकारी छिपाने की आशंका पाई गई। संदिग्ध आचरण को देखते हुए पुलिस ने धारा 128 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उक्त सभी 17 व्यक्तियों को विधिवत न्यायालय में पेश किया।

पंडरिया पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन व्यक्तियों का किसी अवैध गतिविधि, संगठित अपराध, नशा तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से कोई संबंध तो नहीं है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी पंडरिया नितिन तिवारी के नेतृत्व में विशेष रूप से आरक्षक राजू चंद्रवंशी, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, आकाश भोई, कृष्णा मानिकपुरी, भुनेश्वर कौशिक एवं ओमप्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर के लायंस क्लब को मिले 9 अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल के सत्र 2024-25 की रीजन कॉन्फ्रेंस में नगर के लायंस क्लब ने 9 अवार्ड जीतकर अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। यह कॉन्फ्रेंस रायपुर के वृंदावन हॉल में 23 फरवरी को संपन्न हुई है। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन एवं मुख्य वक्ता पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेश अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर पूर्व गवर्नर द्वय प्रकाश चांडक एवं अमरजीत सिंह दत्ता तथा वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय रिपुदमन सिंह पुसरी विराजमान हुए। रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया ने मंच से गन केबल की ध्वनि से कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की। पदाधिकारियों को पुरस्कृत करने की श्रेणी में प्रेमचंद श्रीश्रीमाल को सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ सहयोगी माइक्रो चेयरपर्सन का सम्मान दिया गया। नीरज मनजीत छाबड़ा को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी माइक्रो चेयरपर्सन एवं सुशीला श्रीश्रीमाल को सर्वश्रेष्ठ जोन चेयरपर्सन के सम्मान से सम्मानित किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष बीपी गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन, हरीश गांधी को सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार सचिव एवं रामेश्वर गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार कोषाध्यक्ष का सम्मान दिया गया। नगर के क्लब की वर्ष भर की सेवा गतिविधियों को रेखांकित करते हुए सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा क्लब की स्क्रैप बुक को सर्वश्रेष्ठ बुक चुना गया। इस रीजन में 10 क्लब शामिल किए गए हैं। ज्ञात हो कि पिछले 10-12 वर्षों में नगर के क्लब ने सेवाकार्यों के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसीलिए कवर्धा के क्लब को डिस्ट्रिक्ट के 128 क्लब्स में 10 सर्वश्रेष्ठ क्लब्स में गिना जाता है और हर वर्ष इन सेवाकार्यों का मूल्यांकन करते हुए रीजन और डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में सम्मानित पुरस्कृत किया जाता है।



# सुरेश चंद्रवंशी बने अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय किसान संघ का 14 वां अखिल भारतीय अधिवेशन सरदार कृषि नगर दांतीवाड़ा पालनपुर गुजरात में 21 से 23 फरवरी तक आयोजित किया गया।

अधिवेशन में पूरे देश से लगभग 2500 किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्घाटन नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने किया। इस अधिवेशन में कबीरधाम जिले से भी बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी भी भाग लेने पहुंचे थे। गौ कृषि वाणिज्यम के थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में गौ आधारित कृषि तथा कृषि आधारित व्यापार पर जोर दिया गया तथा आव्हान किया गया कि सरकार का कृषि क्षेत्र में विकास का यही मॉडल होना चाहिए। अधिवेशन में कहा गया कि यह भ्रम फैलाया गया है कि रोजगार देने के लिए औद्योगीकरण को बढ़ावा देना होगा जबकि सच्चाई यह है कि आज भी 42 प्रतिशत रोजगार कृषि क्षेत्र में, 32 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में तथा सबसे कम 25 प्रतिशत रोजगार उद्योग क्षेत्र में मिला है। अधिवेशन में जिले से सुरेश चंद्रवंशी को अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## केन्द्रीकृत परीक्षा एवं विद्यालय के बेहतर संचालन का बताया तरीका

# ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में छिरहा प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित समस्त शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों का स्थानीय जिला ग्रंथालय के सभाकक्ष में 24 व 25 फरवरी को आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण में शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने आमंत्रित वक्ता के रूप में केंद्रीकृत परीक्षा एवं विद्यालय के बेहतर संचालन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 लागू होने के बाद पहली बार पांचवीं एवं आठवीं में जिला स्तर पर केंद्रीकृत परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। इसके तहत सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा, लेकिन केन्द्राध्यक्ष अन्य विद्यालय से नियुक्त होंगे। साथ ही मूल्यांकन कार्य भी अन्य ब्लॉक में किया जाएगा। परीक्षा में गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें। विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न की जानकारी प्रदान करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर ने ब्लूप्रिंट व सभी विषयों का मॉडल प्रश्न-पत्र जारी किया है। सभी प्रधान पाठक अपने विद्यालयों में परीक्षा से पहले आवश्यक तैयारी कर लें, ताकि परीक्षा का सुव्यवस्थित संचालन हो सके। प्रायोजना कार्य भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करा लिया जावे। इस वर्ष चौंथी व सातवीं के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन अन्य विद्यालय से कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पालकों को विद्यालय से जोड़कर विद्यार्थियों के पढ़ाई में सहयोग लिया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक सत्र पालक-शिक्षक बैठक तथा पालकों से उनके घरों में जाकर संपर्क किया जाना आवश्यक है। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण हेतु प्रतिमाह स्टाफ मीटिंग किया जाना चाहिए। विद्यालय में समय-सारणी जरूर बनाएं, ताकि सभी शिक्षक प्रतिदिन निर्धारित कालखंड में अध्यापन करे। शनिवार को बैगलेश डे में शिक्षक के पास पाठ्येत्तर गतिविधियों के आयोजन का सुअवसर होता है, जिसका समुचित उपयोग किया जावे। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, बीआरसीसी केशलाल साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी, मुदिता गुप्ता एवं प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के सभी प्रधान पाठकगण उपस्थित थे।

# इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, पंडरिया में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एमएस राजपूत द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनमोहन एल. सतनामी, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ स्टडी, रसायन शास्त्र विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनामिका शुक्ला शर्मा, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग, शासकीय ई. राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. मनमोहन एल. सतनामी ने विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नैनो तकनीक के दैनिक जीवन में उपयोग और वर्तमान में हो रहे अनुसंधान एवं नए आयामों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. अनामिका शुक्ला शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और भारत के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई को दैनिक जीवन में अपनाकर हम विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में उन्नति कर सकते हैं और वैश्विक स्तर पर भारत को एक नई पहचान दिला सकते हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में साइंटिफिक मॉडल एग्जीबिशन, साइंटिफिक क्विज प्रतियोगिता, साइंटिफिक, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता शामिल थे। छात्र-छात्राओं ने इन सभी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी संकायों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।